राधे के खास गाने के लिए दिशा पाटनी को ट्रेनिंग दे रहे हैं टाइगर श्रॉफ?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सलमान खान ने एक दिन पहले ही एक मोशन पोस्टर शेयर करते हुए घोषणा की है ईद 2020 के मौके पर उनकी फिल्म राधे रिलीज होगी। मोशन पोस्टर में सलमान के ऐक्शन अवतार को फैन्स ने भी काफी पसंद किया है। अब यह कयास लगाए जा रही हैं कि इस फिल्म में सलमान के ऑपोजिट कौन हिरोइन होंगी। वैसे इन चर्चाओं में दिशा पाटनी का नाम भी सामने आ रहा है जो भारत में एक छोटे से रोल में दिखाई दी थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, दिशा पाटनी राधे में खास सॉन्ग में दिखाई देंगी और इसके लिए काफी मेहनत भी कर रही हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि इस गाने की तैयारी में दिशा अपने कथित बॉयफ्रेंड टाइगर श्रॉफ की भी मदद ले रही हैं। टाइगर इस गाने के लिए उन्हें डांस की ट्रेनिंग भी दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस खास गाने में सलमान खान भी दिखाई देंगे। सलमान की इस ऐक्शन फिल्म का डायरेक्शन प्रभुदेवा करने जा रहे हैं और दिशा अपने डांस मूव्स से प्रभुदेवा को इंप्रेस करना चाहती हैं। नवंबर महीने से सलमान राधे की शूटिंग शुरू कर देंगे। इसकी शूटिंग मुंबई में शुरू होगी। बता दें कि राधे 2017 में आई कोरियन फिल्म द आउटलॉज का रीमेक होगी और इसे सोहेल खान और अतुल अग्निहोत्री प्रड्यूस करेंगे।



मेरे संस्कारों के खिलाफ था बिग बॉस 13: हिमांशी खुराना

इन दिनों टीवी का सबसे विवादित रिएलिटी शो एक बार फिर से सुर्खियों में बना हुआ है. इस शो पर घर में मौजूद कंटेस्टेंट्स ने पहले ही कोहराम मचा रखा है, वहीं अब यहां वाइल्ड कार्ड एंट्री का दौर भी शुरू होने वाला है. भोजपुरी सिनेमा से लेकर पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री तक कई नाम सामने आ रहे हैं. वहीं इस दौरान एक ऐसी पंजाबी एक्ट्रेस का नाम सामने आया है, जिसने दो-दो बार बिग बॉस 13 का ऑफर ठुकरा दिया है. अब सोशल मीडिया पर इस एक्ट्रेस ने खुद बताया है कि उन्होंने दो-दो बार बिग बॉस 13 के घर में जाने का मौका हाथ से क्यों जाने दिया. ये एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि पंजाब की मशहूर अभिनेत्री हिमांशी खुराना हैं. हिमांशी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक बड़ा सा पोस्ट शेयर करके बिग बॉस 13 में वाइल्ड कार्ड एंट्री को लेकर चल रही खबरों पर जवाब दिया है. उन्होंने इस पोस्ट में लिखा कि उन्होंने पहले बिग बॉस का ऑफर इसलिए ठुकराया क्योंकि ये उनके संस्कारों के खिलाफ जा रहा था. ऐसा मालूम होता है कि वो बिग बॉस के घर में बेड शेयरिंग के कॉन्सेप्ट को लेकर बात कर रही हैं. वहीं हैरानी वाली बात ये है कि हिमांशी के पास बिग बॉस का ऑफर दोबारा भी गया था. इस बात को उन्होंने खुद ही कंफर्म किया है. वहीं एक बार फिर से उन्होंने ऑफर ठुकरा दिया. इसकी वजह उन्होंने नए प्रोजेक्ट्स और उसे लेकर अपनी कमिटमेंट बताई. इस पोस्ट में हिमांशी ने ये साफ कर दिया है कि वो बिग बॉस 13 के घर में नहीं जा रही हैं. हालांकि ये खबर जानकर उनके फैंस काफी निराश हैं. बता दें कि काफी वक्त पहले हिमांशी और शहनाज गिल की सोशल मीडिया पर जुबानी जंग भी जबरदस्त सुर्खियों में आई थी. ये लड़ाई काफी पुरानी थी लेकिन जब शहनाज बिग बॉस 13 के घर में पहुंची तो ये एक बार फिर चर्चा में आ गई. इन दोनों के पुराने वीडियोज वायरल हो रहे हैं, जिनमें ये दोनों ही एक दूसरे के खिलाफ सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो में बुरा-भला बोलती नजर आ रही हैं.

पहली बार रोमांटिक हॉरर स्टोरी करने जा रही हैं बालिका बधू की रूप दुर्गापाल

अभिनेत्री रूप दुर्गापाल पहली बार एक रोमांटिक हॉरर स्टोरी का हिस्सा बनकर काफी रोमांचित हैं. बालिका वधू, स्वरागिनी और कुछ रंग प्यार के के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री ने लाल इश्क की टीम के साथ काम शुरू किया है, जिसमें उनके फैंस उन्हें एक अलग अवतार में देखेंगे. रूप ने कहा, मेरी भूमिका सकारात्मक है. वह एक पत्नी है, जो अपने पति को बहुत प्यार करती है. रुप का कहना है कि दर्शकों को स्टोरी के मजेदार ट्विस्ट एंड टर्न देखकर मजा आएगा. इसके साथ ही वो पहली बार किसी रोमांटिक हॉरर स्टोरी का हिस्सा बनने वाली हैं. रूप फिलहाल दंगल टीवी के कार्यक्रम सीआईएफ में नजर आ रहीं हैं.